एक नजर में

दूरसंचार के सुने केंद्र में रात्रि में हुई चोरी मशीन की प्लेट पट्टियां ले भागे चोर



गोगावा, निप्र। मुख्यालय के नयापुरे में बने दूरसंचार के सुने केंद्र में बुधवार रात में चोरी हो गई हे चोर यहा से मशीन में लगी प्लेटे चुरा कर ले भागे है दूरसंचार के एक्सचेंज इंचार्ज रितेश पाटीदार ने बताया की अग्रवाल कामलेक्स के पीछे से चोरों ने दिवाल को तोड़कर केंद्र में प्रवेश किया जहा अंधेरा का फायदा उठाकर चोरी की गई है जिसमें यहां लगी मशीनों से लगभग दो हजार का सामान चोरी कर चोर ले भागे है इस मामले में पुलिस को भी आवेदन देकर सूचना दी गई हैं। बताया जा रहा हैं की इस केंद्र में पहले भी सामान की चोरी की गई थी जिसका आजतक कोई सुराग नहीं लगा है।

ग्राम पंचायत लोंदी बी : सरपंच अर्जुन कौशल के खिलाफ पंचों का बवाल

बड़वाह, निप्र। जनपद की ग्राम पंचायत लोंदी बी में सरपंच अर्जुन कौशल की कार्यशैली ने पंचों और ग्रामीणों का सब्र खत्म कर दिया है। पंचायत के पंचों ने अनुविभागीय अधिकारी बड़वाह के समक्ष अविश्वास प्रस्ताव पेश किया। पंचों ने सरपंच पर वित्तीय गबन, पंचायत बैठकों की अनदेखी, पंचों और ग्रामीणों को डराने-धमकाने, और महिला पटवारी के साथ अभद्र व्यवहार करने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। जानकारी के अनुसार, सरपंच के खिलाफ पहले भी कई शिकायतें दर्ज हैं। पंचों का आरोप है कि सरपंच ने महिला पटवारी के साथ अभद्र व्यवहार किया, और इस पर बड़वाह थाने में स्रढ्ढक्रदर्ज की गई। स्रढ्ढक्रमें यह भी कहा गया है कि सरपंच ने दो पटवारियों को बंधक बनाकर धमकी दी, जिसके बाद पंचायत के विकास कार्य ठप्प हो गए। पंचों ने यह भी कहा कि 15वें वित्त आयोग से प्राप्त राशि का फर्जी बिल बनाकर गबन किया गया, मासिक पंचायत बैठक आयोजित नहीं की गई, और पंचों का भत्ता भी नहीं दिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ नहीं मिला। पंचों ने ग्राम स्वराज्य अधिनियम 1993 की धारा 21(3), 28(1),(2),(3) और 35(3) का हवाला देते हुए सरपंच को पद से हटाने की मांग की है। पंचों का कहना है कि सरपंच के इस रवैये से पंचायत की कार्यप्रणाली पूरी तरह प्रभावित हुई है। प्रस्ताव पर पंचायत के 1/3 पंचों के हस्ताक्षर मौजूद हैं, जो इसे कानूनी रूप से मान्य बनाते हैं।

मास्टर ट्रेनर अनिल रघुवंशी के द्वारा आयोग से प्राप्त निर्देशों अनुसार प्रशिक्षण दिया

कसरावद, निप्र। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्य प्रदेश भोपाल द्वारा विशेष गहण पुनरीक्षण अभियान - 2026 के अंतर्गत दिनांक 01/01/2026 की अर्हता तिथि पर पात्र युवाओं को मतदाता सूची में सम्मिलित करने के लिए दिनांक 09 जनवरी 2026 एवं 10 जनवरी 2026 को हायर सेकेंडरी स्कूलों, महाविद्यालयों, एवं उच्च शिक्षा के शैक्षणिक संस्थानों आदि में विशेष कैंप आयोजित किए जाने के निर्देश है। इस संबंध में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 184 कसरावद में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी श्री सत्येन्द्र बैरवा की उपस्थिति में विधानसभा क्षेत्र की शालाओं के नियुक्त नोडल आफिसर एवं बीएलओ सुपरवाइजर का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसमें मास्टर ट्रेनर श्री अनिल रघुवंशी के द्वारा आयोग से प्राप्त निर्देशो अनुसार प्रशिक्षण दिया गया। विद्यालयों में अध्यनरत ऐसे छात्र-छात्राएं जिनकी आयु 01 जनवरी 2026 को 18 वर्ष पूर्ण हो रही है उनके नाम मतदाता सूची में सम्मिलित करने के लिए फॉर्म नंबर 6 भराया जाए समस्त नोडल आफिसर को निर्देशित किया गया कि पत्र कोई भी विद्यार्थीयों का नाम मतदाता सूची में जुड़ने से छूट न जाए।

परिषद का विषेष व्यापक सम्मेलन संपन्न

कसरावद, निप्र। गुरूवार को परिषद के विषेष व्यापक सम्मेलन अंतर्गत नगरीय सीमा क्षेत्र में बसें चरनोई के रहवासियों के लिए परिषद द्वारा महत्वपूर्ण बिन्दु पर स्वीकृति प्रदान की गई है जिसमें नगरीय सीमा क्षेत्र कि चरनोई भूमि का मद परिवर्तन कर आबादी क्षेत्र में घोषित करने हेतु परिषद द्वारा प्रस्ताव पारित कर वरिष्ठालय की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रस्तुत किया गया। उक्त परिषद बैठक में विधायक प्रतिनिधी राजेन्द्रसिंह यादव, नगर परिषद अध्यक्ष विमल राजेन्द्रसिंह यादव, पार्षद डॉ. शिरीष जायसवाल, रैनु सईद हैडली, शकीला रहीश कुरैशी, कविता परमानंद खेडे, राधा बाई अमृत कुवाहश, साईन इम्तियाज पटेल, रेखा हेमन्त सोनी, विमला मोहन वर्मा, नगर परिषद उपाध्यक्ष प्रतिनिधी पप्पु सोनी, पार्षद प्रतिनिधी सईद हैडली, प्रदीप सोलंकी, शुभम कुशवाह, मोहन वर्मा, परमानंद खेडे, हेमंत सोनी, इम्तियोज पटेल देवा सिसौदिया व मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री कमलेश गोले एवं निकाय के समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

यात्री बस से कर रहे थे अवैध शराब का परिवहन, दो गिरफ्तार

खरगोन, निप्र। अवैध शराब माफिया तस्करी के नित नए तरीके अपना रहे है,

लेकिन इनकी चालाकी पुलिस की निगरानी के सामने कमजोर नजर आ रही है। ऐसा ही मामला बैडिया थानाक्षेत्र में सामने आया है, जहां पुलिस ने यात्री बस से कि जारी रही अवैध शराब की तस्करी का खुलासा किया है। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों के कब्जे से 280 नग देशी प्लेन शराब जब्त की है। इस शराब की कीमत 22 हजार 400 रुपए आंकी गई। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मुखबिर की सूचना पर बैडिया से पिपलगोन की ओर जा रही यात्री बस को ग्राम टाकली के आगे नाकाबंदी कर रोका गया। बस की तलाशी लेने पर दो संदिग्ध सवारी के पास रखे झोले की तलाशी ली गई। इन झोलों में अवैध देशी प्लेन शराब के क्वाटर भरे होना पाए गए। दोनों ने अपने नाम उमेश पिता सुभाषचन्द्र जायसवाल छोटी कसरावद थाना कसरावद एवं दुसरे ने अपना नाम निर्मल पिता मांगीलाल गोयल निवासी सार्थक नगर मुकुन्दपुरा थाना बलकवाडा का होना बताय। दोनों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर शराब जब्त की गई है।

टंट्या मामा की मूर्ति लगाने पर भ्रष्टाचार का आरोप

जिला कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष एवं जिला प्रवक्ता ने कलेक्टर भव्या मित्तल से मुलाकात की

नवभारत न्यूज

खरगोन, निप्र। शहर के बिस्टान नाका क्षेत्र में क्रांतिकारी टंट्या मामा की लगाई की मूर्ति का मामला अब विवादों में घिर गया है। कांग्रेस ने मुर्ति की गुणवत्ता एवं लागत पर सवाल खड़े करते हुए इसमें लाखों रुपए के भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। गुरुवार को इसकी मय दस्तावेजों की कलेक्टर से शिकायत भी की गई है। जिला कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष रवि नाईक, जिला प्रवक्ता राजेश मंडलोई आदि ने कलेक्टर भव्या मित्तल से मुलाकात की। इस दौरान की गई शिकायत के आधार पर जिलाध्यक्ष नाईक ने बताया कि महान क्रांतिकारी टंट्या मामा को सम्मान देने के नाम पर नगर पालिका परिषद ने अमानक

स्तर और गुणवत्ताहीन मूर्ति लगाकर आमजन की भावनाओं को आहत करने का काम किया है। नगर पालिका परिषद खरगोन की 24 सितंबर 2025 को पीआईसी की बैठक में संगमरमर पत्थर या धातु की मूर्ति लगाया जाना तय हुआ था। विज्ञप्ति भी नगर पालिका परिषद खरगोन ने धातु या पत्थर की मूर्ति हेतु निकाली। कलेक्टर कार्यालय खरगोन द्वारा भी नगर पालिका परिषद को पत्थर अथवा धातु की मूर्ति लगाने का निर्देश दिया गया था। इसके बाद पिनाक ट्रेडिंग कंपनी खरगोन से 9 लाख 90 हजार रु में टंट्या मामा की मूर्ति खरीदना तय किया गया। मगर जब टंट्या मामा की मूर्ति स्थापित की गई, तो

वह ना धातु की थी ना पत्थर की बल्कि फाइबर की मूर्ति स्थापित कर दी गई। इस मामले में सवाल खड़े करते हुए कहा कि जब संबंधित फर्म से नगर पालिका परिषद ने मूर्ति प्राप्त की, उस समय भौतिक सत्यापन करना जरुरी नही समझा या जानबुझकर अनदेखी की गई। इससे इस समूचे मामले में भ्रष्टाचार उजागर होता है। मापदंडों का उल्लंघन कर लगाई गई मूर्ति प्रथम दृष्टि में आर्थिक अपराध की श्रेणी में आता है। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि यदि इस मामले पर कार्यवाही नहीं की तो कांग्रेस पार्टी सड़कों पर आंदोलन करेगी। जिला कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल में महासचिव जितेंद्र भावसार, युवा नेता सौरभ निखोरिया और मांगीलाल मोरे शामिल थे।

13 वर्ष से गुमशुदा को दस्तयाब करने में बड़ी सफलता मिली

कसरावद, निप्र । पुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन (ग्रामीण) श्री अनुराग जी के द्वारा गुमइंसान दस्तयाबी हेतु विशेष अभियान दिनांक 01.01.26 से 31.01.26 तक चलाया जा रहा है तथा गुमशुदगी के प्रकरणों में अधिक से अधिक दस्तायबी करने हेतु निर्देशित किया गया था। जिसके परिपालन में पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री रविन्द्र वर्मा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्रीमती शकुंतला रुहल जिला खरगोन के द्वारा जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) व थाना प्रभारियों को गुमशुदगी के प्रकरणों में दस्तयाबी करने हेतु निर्देशित किया गया था। उपरोक्त निर्देशों के पालन में श्रीमान एसडीओपी महोदय श्वेता शुक्ला अनुविभाग मण्डलेश्वर के मार्गदर्शन में निरीक्षक राजेन्द्र बर्मन थाना प्रभारी कसरावद को 13 वर्ष से गुमशुदा की दस्तयाबी करने में बड़ी सफलता हासिल हुई है। पुलिस टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए गुमशुदा गजाला उम्र 23 वर्ष को सकुशल दस्तयाब किया।

कार्यवाही की विवरण:- पुलिस थाना कसरावद पर दिनांक 12.03.25 को सूचनाकर्ता मंगु खा पिता नबु पिंजारा उम्र 38 साल निवासी साटकुट की सूचना पर वयस्क लड़की गजाला उम्र 23 वर्ष के घर से गोगांवा जाने का बोलकर जाने की सूचना दी जिसकी आसपास तलाश करते कोई जानकारी नही मिली प्राप्त सूचना के आधार पर गुमइंसान क्रमांक 06/2013 दर्ज कर जांच में लिया गया था जांच के दौरान गुमशुदा लड़की की तलाश लगातार की जा रही थी किन्तु गुमशुदा के संबंध में कोई ठोस जानकारी प्राप्त नहीं हो रही थी बाद आज दिनांक 08.01.26 को गुमशुदा अपने पिता के साथ थाना पर उपस्थित हुई जिसे पंचानों के समक्ष सकुशल दस्तयाब किया गया बाद घटना के संबंध में विस्तृत पूछताछ कर कथन लेख किए गए जिसने अपने कथन में किसी प्रकार के अपराध का घटित नहीं होना बताया बाद गुमशुदा के परिजनों तथा साक्षियों के कथन लेख किए गए जिन्होंने गुमशुदा के कथनों की पुष्टी की बाद गुमशुदा को उसके पिता के सुपुर्द किया गया।

सराहनीय कार्य:- उक्त प्रकरण मे अनुविभागीय अधिकारी मण्डलेश्वर श्रीमान श्वेता शुक्ला के मार्गदर्शन में, थाना प्रभारी कसरावद निरीक्षक राजेन्द्र बर्मन के नेतृत्व में प्रआर.404 जितेन्द्र रावत प्रआर.659 महेश मालवीय, म.आर.1002 रेखा मुवेल का विशेष योगदान रहा।

गोगावा में खंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

गोगावा, निप्र। जनपद शिक्षा केंद्र गोगावा में विकास खंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन उत्कृष्ट हायर सेकंडरी स्कूल मे संपन्न हुआ जिसमें विकास खंड की माध्यमिक विद्यालय के चयनित छात्र छात्राओं ने अपने विज्ञान माडल लेकर उपस्थित रहे। विज्ञान गणित पर्यावरण सामाजिक विज्ञान के दो दो मॉडल जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी के लिए चयनित किए गए। एवं सोलो सांग और लघु नाटिका के छात्र छात्रा चयनित किए गए विकास खंड

स्तरीय चयन समिति में शामिल करुणा वास्केल जन्मोज यादव विज्ञान शिक्षक एवं जनपद शिक्षा केंद्र गोगावा के विवेक पांडे बीएसी द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी माडल चयनित किए गए। लघु नाटिका एवं सोलो सांग में चयन समिति में रंजना पाटीदार, रेखा यादव ,अर्चना पगारे द्वारा सहयोग प्रदान किया गया। उत्कृष्ट हायर सेकंडरी स्कूल गोगावा के प्राचार्य राहुल पाध्ये बीआरसी विवेक शर्मा व्याख्याता अमृतलाल डोंगरे , रामलाल पवार एवं जनशिक्षक चंद्रभानसिंह चौहान और विकास खंड की माध्यमिक विद्यालयो से उपस्थित विज्ञान शिक्षक उपस्थित थे।

28 तक होंगे उत्कृष्ट एवं मॉडल स्कूल प्रवेश परीक्षा आवेदन

खरगोन, निप्र। शहर की उत्कृष्ट स्कूल सहित जिले के धुलकोट और झिरन्या मॉडल स्कूल में शिक्षा सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 9वीं प्रवेश के लिए ऑनलाईन प्रवेश परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। उत्कृष्ट स्कूल प्रवेश प्रभारी मुरलीधर खोड़े ने बताया कि उत्कृष्ट स्कूल में 240 और धुलकोट एवं झिरन्या मॉडल स्कूल में 80--80 सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया ऑनलाईन की जा रही है। इसके लिए मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से जारी कार्यक्रम अनुसार आवेदन करने की अंतिम तिथि 28 जनवरी निर्धारित की गई है। चयन के लिए प्रवेश परीक्षा की संभावित तिथि 8 फरवरी तय की गई है। परीक्षा का समय सुबह 9.45 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक रहेगा, जिसके लिए बच्चों को 30 मिनट पूर्व परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया जाएगा। परीक्षा प्रदेश के सभी 313 विकासखंड मुख्यालयों के केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। परीक्षा के बाद सभी केंद्रों से सामग्री 9 फरवरी को जिला मुख्यालय, 10 फरवरी को संभागीय मुख्यालय और 11 फरवरी को राज्य स्तरीय संकलन केंद्र पर प्राप्त की जाएगी। प्रवेश परीक्षा का परिणाम 25 फरवरी को जारी किया जाएगा।

प्रवेश के लिए पात्रता और चयन का आधार:- प्राचार्य राजेंद्र पाटीदार ने बताया कि इस प्रवेश परीक्षा में शामिल होने के लिए विद्यार्थी का आठवीं कक्षा उत्तीर्ण होना या वर्तमान में अध्ययनरत होना अनिवार्य है। स्कूलों में प्रवेश पाने के लिए परीक्षा में न्यूनतम 33 प्रतिशत अंक लाना आवश्यक होगा। प्रवेश परीक्षा के आधार पर सभी विद्यार्थियों की मेरिट लिस्ट तैयार की जाएगी और उपलब्ध आरक्षित सीटों के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड ने इस संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं।

अब किसानों को सहजता से मिलेगा खाद

ई-टोकन उर्वरक वितरण प्रणाली से

खरगोन, निप्र। जिले के किसानों को खाद लेने में अब परेशानी नहीं होगी। शासन से प्राप्त निर्देशानुसार 15 जनवरी 2026 से ई-टोकन एवं नई उर्वरक वितरण प्रणाली के माध्यम से किसान घर बैठे मोबाइल से ई-टोकन जारी करके अपनी सुविधा के अनुसार खाद ले सकेंगे। उप संचालक कृषि श्री शिवसिंह राजपूत ने बताया कि जिले में उर्वरक विक्रेताओं की कुल संख्या लगभग 350 है। सीजन में कई बार कहीं-कहीं पर खाद खरीदने के लिए किसानों की भीड़ लग जाती है, जिससे किसानों को कई बार असुविधा भी होती है। अब किसान स्वयं httpsÑ//mpkrishi.org या httpsÑ//etoken.mpkrishi.org वेबसाइट पर जाकर अथवा लिंक पर उपलब्ध क्यूआर कोड स्कैन करके अपना आधार नंबर और ओ.टी.पी. डालकर लॉग-इन कर सकते हैं।

लॉग-इन होते ही फार्मर आईडी (एग्रीस्टेक) से उनकी कृषि भूमि की जानकारी अपने आप अपडेट होकर प्रदर्शित हो जाएगी। इसके बाद किसान मौसम में बोई जाने वाली फसलों का चयन करेंगे। तत्पश्चात् उर्वरकों के विकल्प का भी चयन करेंगे। किसानों द्वारा चयनित फसल एवं उर्वरक उनकी कुल कृषि भूमि के अनुसार उर्वरकों की गणना (मात्रा) स्वत: प्रदर्शित हो जाएगी, जिसे किसान अपनी सुविधा अनुसार किसी भी उर्वरक विक्रेता का चयन करके ई-टोकन प्राप्त कर सकते हैं। ई-टोकन मिलते ही तीन दिवस के अंदर चयनित उर्वरक विक्रेता जैसे- समिति, एम.पी.एग्रो., मार्कफेड, गोडाऊन एवं निजी उर्वरक विक्रेताओं से खाद खरीद सकते हैं। किसान अपनी उर्वरक की पात्रता अनुसार ई-टोकन के माध्यम से अपनी सुविधा अनुसार एक या एक से अधिक बार में उर्वरक ले सकते हैं। कृषकों द्वारा जारी किए गए ई-टोकन की वैधता 03 दिवस की होगी। 03 दिवस पश्चात् ई-टोकन स्वत: निरस्त हो जाएगा, जिसे कृषक पुन: ई-टोकन जारी कर अपनी शेष बची हुई उर्वरक मात्रा क्रय कर सकते हैं।

इस व्यवस्था को किसानों तक सही ढंग से पहुँचाने और जमीनी स्तर पर बेहतर क्रियान्वयन के लिए जिले में कृषि, सहकारिता, विपणन संघ, एम.पी.एग्रो. के क्षेत्रीय एवं मैदानी अमले को 03 जनवरी 2026 को ई-विकास प्रणाली के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया है। साथ ही आज 08 जनवरी 2026 को जिले के निजी उर्वरक विक्रेताओं, उर्वरक कंपनियों के प्रतिनिधियों को भी जिला मुख्यालय पर प्रशिक्षण आयोजित कर विस्तृत जानकारी दी गई है।

उप संचालक कृषि श्री राजपूत ने जिले के कृषकों से अपील की है कि वे अपने क्षेत्र के पटवारी से संपर्क कर अपनी फार्मर आई.डी. (एग्रीस्टेक) में अपने छूटे हुए अथवा शेष रहे सभी खसरों (सर्वे नंबर) की एंट्री (केवायसी) करवा लें, जिससे उन्हें नई उर्वरक वितरण प्रणाली में अपनी कुल कृषि भूमि के अनुसार आसानी से उर्वरक प्राप्त हो सकें।

राष्ट्र प्रेम का भाव रासेयो का प्राण तत्व है : डॉ. मनहर

खरगोन, निप्र। राष्ट्रीय सेवा योजना वह पीठिका है, जहां राष्ट्र निर्माण के गुण हमारे व्यक्तित्व में पिरोये जाते है। हमें रासेयो के माध्यम से स्वच्छता, बेटियों की शिक्षा, स्वास्थ्य की जागृति, समाज में जाग्रत की जाती है, जो आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। राष्ट्र प्रेम का भाव रासेयो का प्राण तत्व है। यह सदैव ध्यान में रखना चाहिए कि यह राष्ट्र है तो हम हैं। उक्त विचार सुप्रसिद्ध कवि और भारतीय जनता पार्टी के उपाध्यक्ष, शिक्षाविद् डॉ. शम्भू सिंह मनहर ने स्वामी विवेकानंद पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल की एनएसएस इकाई के बीड़ आश्रम में चल रहे सात दिवसीय शिविर के समापन अवसर पर व्यक्त किए। समारोह में आश्रम प्रमुख महामंडलेश्वर पीएस कापसे भी उपस्थित रहे। अतिथि सम्मान शिविर प्रभारी संजय यादव, श्रीमती जयमाला पंवार ने किया। छात्र मोहित गुप्ता ने सात दिवसीय विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। गीत छात्राओं ने प्रस्तुत किया। संचालन शताब्दी भावसार ने किया। आभार मोनिका राठौर ने माना।

एक नजर में

किसानों को भूसा कटाई यंत्र 50 प्रतिशत सब्सिडी पर होगा उपलब्ध

कलेक्टर ने हार्वेस्टर ऑपरेटर्स एवं गौशाला संचालकों के साथ की बैठक

नवभारत न्यूज़

खरगोन, निप्र। कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल ने जिले के हार्वेस्टर ऑपरेटर्स एवं गौशाला संचालकों के साथ बैठक आयोजित कर नरवाई जलाने की घटनाओं एवं संबंधित क्षेत्रों की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में कृषि विभाग को निर्देश दिए गए कि गांव-गांव बैठकों का आयोजन कर किसानों को नरवाई न जलाने एवं वैकल्पिक तकनीकों के उपयोग के प्रति जागरूक किया जाए। कलेक्टर सुश्री मित्तल ने निर्देश दिए कि नरवाई जलाने के बजाए एसएमएस (स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम), रीपर कम बाइंडर एवं स्ट्रा रीपर का अनिवार्य रूप से उपयोग किया जाए। उन्होंने कहा कि वर्ष 2020 से पहले वाले हार्वेस्टर का उपयोग नहीं किया जाए। हार्वेस्टर के साथ स्ट्रा रीपर (भूसा कटाई यंत्र) ले जाना अनिवार्य होगा, जिस पर शासन द्वारा 50 प्रतिशत सब्सिडी भी उपलब्ध है। बैठक में कलेक्टर ने कस्टम हायरिंग सेंटर के माध्यम से किसानों के साथ टाई-अप

करवाने के निर्देश दिए गए, ताकि हार्वेस्टिंग के दौरान किसी प्रकार की समस्या न आए। हार्वेस्टर ऑपरेटर्स को सख्त हिदायत दी गई कि उनका हार्वेस्टर जब भी किसी किसान के खेत में जाएगा, वह बिना एसएमएस या स्ट्रा रीपर के नहीं जाएगा। कलेक्टर सुश्री

मित्तल ने मक्का एवं गन्ना की फसल में भी इन यंत्रों के उपयोग के निर्देश दिए, जिससे अवशेष प्रबंधन बेहतर ढंग से किया जा सके। बैठक में उपसंचालक कृषि श्री शिव सिंह राजपूत, सहायक यंत्री कृषि श्री मनीष मिश्रा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।